अदालत संभागीय आयुक्त, मुकाम,जयपुर।

मनफूल बनाम श्री जगदीश

किस्म मुकदमाः–प्रार्थना पत्र मुन्तकिली प्रार्थी पत्र नम्बरः 2021/277

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
06.10.21	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित, उनकी बहस सुनी गई। अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया है कि दिनांक 27.09.2021 को मात्र 14 दिन की तारीख पेशी प्रकरण की स्थिति को देखते हुये दी गई लेकिन इसके बाद उक्त प्रकरण में पूर्व स्थानीय विधायक द्वारा दिलचस्पी ली जाकर अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष उक्त अपील का जल्द निस्तारण करने व पारित किया हुआ स्थगन आदेश को निरस्त करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है तथा इसी नियत से इतनी छोटी तारीख पेशी दिये जाने के बावजूद प्रत्यर्थी/रेस्पोडेन्ट द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष जल्द सुनवाई करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है ताकि अधीनस्थ न्यायालय पर अनुचित दबाव बनाकर स्थगन आदेश खारिज करवाया जा सके तथा उसकी आड़ में प्रार्थी के 50 वर्षो से भी अधिक समय से चले आ रहे कब्जे से बेदखल कर निर्माण ध्वस्त किया जा सके जबकि प्रार्थी के पूर्वजों के समय से लगातार निर्बाध रूप से चले आ रहे कब्जे के अनुसार प्रार्थी को कानूनन समस्त हक व अधिकार कब्जे शुदा भूमि बाबत प्राप्त हो गये है लेकिन स्थानीय पूर्व विधायक ऐनकेन प्रकारेण प्रार्थी के निमार्ण का ध्वस्त करवाकर बेकब्जा करने को तत्पर है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर रेवेन्यू अपील संख्या 60/2021 मय प्रार्थना पत्र स्थगन संख्या 175/2021 उनवानी मनफूल बनाम राजस्थान राज्य सरकार विचाराधीन अतिरिक्त जिला कलक्टर झुन्झुनू आगामी तारीख पेशी दिनांक 11.10.2021 की पत्रावली को तलब किया जाकर अपने अधीन किसी भी अन्य सम्भाग से सम्बन्धित अधिकारी से सुनवाई हेतु पत्रावली अंतरित करने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि अधीनस्थ न्यायलाय के समक्ष विचाराधीन अपील संख्या 60/2021 मय स्थगन प्रार्थना पत्र संख्या 175/2021 उनवानी मनफूल बनाम राजस्थान राज्य सरकार को अन्य न्यायालय में स्थानान्तरण कराना चाह रहे है। प्रार्थी स्वयं ही अपनी अपील को अन्य न्यायालय में स्थानान्तरण कराना चाहे रहे है ऐसी स्थिति में उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर झुन्झुनू के समक्ष विचाराधीन अपील	

तारीख हुक्म

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

मनफूल बनाम श्री जगदीश प्रसाद गौड

जीसीएमएस नं. 2021 / 277

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए

संख्या 60 / 2021 मय प्रार्थना पत्र स्थगन संख्या 175 / 2021 उनवानी मनफूल बनाम राजस्थान राज्य सरकार को न्यायहित में अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर झुन्झुनू के समक्ष विचाराधीन अपील संख्या 60 / 2021 मय स्थगन प्रार्थना पत्र संख्या 175 / 2021 उनवानी मनफूल बनाम राजस्थान राज्य सरकार को अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ जयपुर के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया ।

6/1/2021

(दिनेश कुमार यादव)
संभागीय आयुक्त,
जयपुर।